दिनांकः 09.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज परीक्षा पे चर्चा 2026 के दूसरे भाग में देश के विद्यार्थियों से संवाद कर तनाव और समय प्रबंधन पर मार्गदर्शन देंगे।
- केन्द्रीय आयुष राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव आज जयपुर दौरे पर–राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में एक्सीलेंस सेंटर का लोकार्पण करेंगे।
- केन्द्रीय वनमंत्री भूपेन्द्र यादव ने अलवर डेयरी के आधुनिकीकरण और विस्तार के लिए ढाई सौ करोड़ रुपये के कामों की घोषणा की।
- जयपुर में आज से दो दिन के राज्य स्तरीय वन मेले का आयोजन।
- प्रदेश के हर मेडिकल कॉलेज में वेल बीइंग सेंटर बनाए जाएंगे–राज्य स्तर पर वेलनैस सेल भी बनेगी।

...............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज परीक्षा पे चर्चा 2026 के दूसरे भाग में देश के विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम का सुबह दस बजे विभिन्न मंचों से सजीव प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर विद्यार्थियों को बिना दबाव के परीक्षा देने, सकारात्मक सोच रखने और उचित समय प्रबंधन में मदद करना है।
परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर प्रदेश में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों में उत्साह है। विद्यालयों में इस कार्यक्रम के प्रसारण की विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। बाड़मेर के छात्र नरेश कुमार ने बताया कि तनाव और परीक्षा प्रबंधन को लेकर प्रधानमंत्री की बातें विद्यार्थियों को प्रेरित करती हैं।

............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मलेशिया की दो दिन की यात्रा के बाद नई दिल्ली लौट आए हैं। इस दौरान दोनों देशों के बीच, आपदा प्रबंधन, ऑडियो विजुअल सहनिर्माण, भ्रष्टाचार रोकथाम, रक्षा और सेमीकंडक्टर सहित कई क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये। श्री मोदी ने मलेशिया में नया काउंसलेट खोले जाने की भी घोषणा की।

...............

प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली में सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी से वार्ता करेंगे। दोनों नेता आपसी हित के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। राष्ट्रपति हर्मिनी आज शाम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी भेंट करेंगे। वे पांच दिन की भारत यात्रा पर कल नई दिल्ली पहुंचे थे।

..............

केन्द्रीय आयुष राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव आज जयपुर दौरे पर रहेंगे। वे राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह में शिरकत करेंगे। श्री जाधव संस्थान परिसर में करीब 19 करोड़ रुपये की लागत से बने एक्सीलेंस सेंटर का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस सेंटर के माध्यम से नौ तरह की विशेष सेवाएं दी जाएंगी।

.................

केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि प्रकृति के साथ संतुलित जीवनशैली अपनाना आवश्यक है। उन्होंने प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग पर गहरी चिंता जताई। श्री यादव कल खैरथल–तिजारा में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गांवों को प्लास्टिक मुक्त बनाने की मुहिम को तेजी से आगे बढाना जरूरी है। डेयरी क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि सरस डेयरी क्षेत्र में अलवर में राज्य सरकार और नेशनल डेयरी डवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से ढाई सौ करोड़ रुपये की लागत से साढे पांच लाख लीटर क्षमता का संयंत्र स्थापित किया जाएगा।

................

जयपुर में आज से राज्य स्तरीय वन मेला आयोजित किया जा रहा है। वन विभाग की ओर से सचिवालय में लगने वाला ये मेला दो दिन चलेगा। मेले में वन और वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता, पौधरोपण, औषधीय पौधों के उपयोग और अन्य विषयों पर जानकारी दी जाएगी। मेले में उदयपुर, बांसवाड़ा, कोटा और बीकानेर सहित विभिन्न जिलों के वन मंडल, स्वयं सहायता समूह, गैर सरकारी संगठन और संस्थाएं भाग लेंगी। राजस्थान के अलावा मेले में मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों की भी सहभागिता रहेगी। इस दौरान विभिन्न संस्थानों के स्टॉल्स लगाये जाएंगे। इसके साथ ही पर्यावरण से जुड़े संवाद सत्र भी होंगे।

...................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से कल पर्यावरण प्रेमी, संतों और प्रबुद्धजनों ने मुलाकात की। उन्होंने खेजड़ी संरक्षण के लिए कानून बनाये जाने की घोषणा पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में बिश्नोई समाज की सराहना करते हुए कहा कि भगवान जंबेश्वर के 29 नियम आज भी पर्यावरण सरंक्षण का अत्यंत प्रभावी मॉडल है। उन्होंने दुनिया को प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीने की सलाह दी। उधर, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने जोधपुर सर्किट हाउस में पत्रकारों से कहा कि राजय में खेजड़ी संरक्षण के लिए जल्द कानून लाया जाएगा।

...............

प्रदेश में अब तक 1 हजार 800 से ज्यादा ग्राम उत्थान शिविर लगाये जा चुके हैं। इनके जरिये किसानों और पशुपालकों को केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसके साथ ही अगले महीने होने वाली ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट–ग्राम के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। ग्राम उत्थान शिविरों में 1 लाख 34 हजार से ज्यादा सॉइल हेल्थ कार्ड और 65 हजार से अधिक स्वामित्व कार्ड वितरित किये गये हैं। साढे 6 लाख पशुओं का उपचार और पीएम सूर्य घर योजना के तहत 36 हजार से अधिक किसानों का पंजीकरण किया गया है।

....................

प्रदेश के हर मेडिकल कॉलेज में वेल बीइंग सेंटर बनाये जाएंगे। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ये निर्णय लिया है। इसी कड़ी में राज्य स्तर पर वेलनैस सेल भी स्थापित की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त नरेश गोयल ने मेडिकल छात्रों के कल्याण के लिए गठित राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की पहली बैठक में ये जानकारी दी। आयुक्त ने कहा कि विद्यार्थियों में मानसिक तनाव को कम करने के लिए वेल बीइंग सेंटर के अलावा प्रत्यक संस्थान में मेंटल वेल बीइंग के लिए डीन की नियुक्ति की जाएगी। ये डीन विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों की निगरानी करेंगे।

.................

कोटा के तलवंडी क्षेत्र में इमारत ढहने से हुई दुखांतिका के बाद संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल ने अवैध रूप से बने भवनों का सर्वे करने के निर्देश दिये हैं। कोटा विकास प्राधिकरण और नगर निगम की ओर से जर्जर और जोखिम भवनों को चिन्हित कर उन पर नोटिस चस्पा किये जाएंगे। इसके साथ ही गैस सिलेण्डरों की अवैध रिफलिंग पर सख्त कार्यवाही करने को कहा गया है। गौरतलब है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संभागीय आयुक्त को तलवंडी दुखांतिका की उच्च स्तरीय समीक्षा करने के निर्देश दिये थे।

.................

जयपुर जिला प्रशासन की पंच गौरव योजना के तहत जिला खेल के रूप में कबड्डी को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इससे जिले के गांव–ढाणियों में कबड्डी की गूंज सुनाई दे रही है। युवा प्रतिभागी उत्साह के साथ मैदान में अपना हुनर दिखा रहे हैं। अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनिता सिंह ने बताया कि जिले के प्रत्येक राजस्व गांव में कबड्डी मैदान विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 1 हजार 173 कबड्डी मैदान तैयार किये जा चुके हैं।

..........................